भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 13

उत्तर देने की तारीख 18 नवंबर, 2019

27 कार्तिक, 1941 (शक)

नए स्टेडियम का निर्माण

13. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य, जिला और पंचायत स्तर पर स्टेडियम का निर्माण करने का निर्णय लिया था;

(ख) यदि हां, तो अभी तक इस दिशा में क्या प्रगति हुई है;

(ग) पिछले दो वर्षों के दौरान अभी तक कितने नए स्टेडियम का निर्माण किया गया है और तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करने के लिए बिहार के पटना में किसी नए स्टेडियम का निर्माण करने पर विचार कर रही है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

***

'नए स्टेडियम का निर्माण' के संबंध में श्री राम नाथ ठाकुर, माननीय सांसद, राज्य सभा द्वारा दिनांक 18.11.2019 के लिए पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 13 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) और (ख): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण राज्य, जिला और पंचायत स्तर पर स्टेडिया के निर्माण सहित खेल अवसंरचना उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का है। केंद्रीय सरकार राज्य सरकारों के प्रयासों की पूर्ति करती है। राज्य, जिला और पंचायत स्तर पर स्टेडिया के निर्माण संबंधी कोई प्रस्ताव केंद्रीय सरकार के विचाराधीन नहीं है।

(ग) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने पिछले 2 वर्षों के दौरान नए स्टेडिया के निर्माण के लिए कोई धनराशि मंजूर नहीं की है।

(घ) जी नहीं।

****